श्री सूरज भान :
श्री नि० रं० लास्कर :
श्री मुहम्मद शरीफ :
श्री महन्त दिग्विजय नाथ :
श्री भोगेन्द्र झा :
श्री रा० कृ० बिड़ला :
श्री चेंगलराया नायडू :
श्री रामगोपाल शालवाले :
श्री जगन्नाथ राव जोशी :
श्री नरेन्द्र कुमार साल्वे :
श्री हिम्मतसिंहका :
श्री रा० बरूआ :
श्री देवकी नन्दन पाटोदिया :
श्री यशवन्त सिंह कुशवाह :
श्री एम० एस० ओबराय :

क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि रेलगाड़ियों में भीड़भाड़ कम करने के लिए हाल ही में रेलवे बोर्ड ने कुछ तात्कालिक कदम उठाए हैं; और

(ख) यदि हां, तो तत्सम्बन्धी व्यौरा क्या है तथा उसके क्या परिणाम निकले तथा भविष्य के लिए इस बारे में बनाई गई क्या योजना है ?

रेलवे मंत्री (डा० राम सुभग सिंह) : (क) जी हां ।

(ख) 1-4-1969 के बाद बड़ी लाइन पर 6 गाड़ियां और मीटर लाइन पर 14 गाड़ियां चलायी गयीं या उनका चालान-क्षेत्र बढ़ाया गया । इनके अलावा, बड़ी लाइन की 48 और मीटर लाइन की 30 गाड़ियों में एक से तीन तक डिब्बे—अधिकांश तीसरे दर्जे के—नियमित रूप से बढ़ाए गये । इन कार्रवाइयों के परिणाम-स्वरूप भीड़-भाड़ में काफी कमी हुई है ।

भीड़-भाड़ वाले मार्गों/खंडों को राहत देने के लिए भाप-कर्षण को डीजल/बिजली कर्षण में बदलने के साथ-साथ गाड़ियों में अधिक डिब्बे लगाने के अलावा, लाइन-क्षमता, चल-स्टाक, टर्मिनल सुविधाओं आदि के रूप में अपेक्षित साधनों की उपलब्धता के अनुरूप अधिक गाड़ियां चलाने और वर्तमान गाड़ियों का चालन-क्षेत्र बढ़ाने का विचार है ।

**Setting up of Tannery at Tonk**

231. SHRI P. M. SAYEED :
SHRI MANIBHAI J. PATEL :
SHRI NAVAL KISHORE SHARMA :
SHRI JAMNA LAL :

Will the Minister of INDUSTRIAL DEVELOPMENT, INTERNAL TRADE AND COMPANY AFFAIRS be pleased to state :

(a) whether a three-member French Team visited India for negotiations for setting up of a tannery in Public Sector at Tonik in Rajasthan;

(b) if so, the nature of the talks held with the team;

(c) whether an agreement has been reached in this respect and, if so terms thereof; and

(d) the time by which the tannery is likely to start functioning ?

THE MINISTER OF INDUSTRIAL DEVELOPMENT, INTERNAL TRADE AND COMPANY AFFAIRS (SHRI F.A. AHMED) : (a) to (d) . A letter of intent has been granted for the setting up of an industrial undertaking for the manufacture of leather in the public sector by the Government of Rajasthan at Tonk (Rajasthan). The Government of Rajasthan have reported that tenders were invited from abroad particularly from France, Bulgaria and Yugoslavia and that some of the representatives of the tendering firms came to Jaipur for discussing the terms of collaboration and the list of machinery to be imported. Further development are awaited.

**Retrenchment of Employees in Tanneris and Footwear Corporation of India Ltd.**

232. SHRI P. M. SAYEED :
SHRI MANIBHAI J. PATEL :

SHRI D. C. SHARMA :

Will the Minister of INDUSTRIAL DEVELOPMENT, INTERNAL TRADE AND COMPANY AFFAIRS be pleased to state :

(a) whether the Tanneries and Footwear Corporation of India Ltd., which has taken over Cooper Allen and Company from British India Corporation, has terminated the services of its 900 employees;

(b) if so, the reasons therefor;

(c) whether a Memorandum protesting against this action has been received by Government; and

(d) if so, the action taken by Government in the matter ?

THE MINISTER OF INDUSTRIAL DEVELOPMENT, INTERNAL TRADE AND COMPANY AFFAIRS (SHRI F.A. AHMED) : (a) and (b). No, Sir. As per the terms of agreement between the Tannery and Footwear Corporation of India Limited and British India Corporation Ltd., the Tannery and Footwear Corporation of India Limited is to take over such of the employees of the Cooper Allen and North West Tannery Units as is cosidered necessary for its production programme. Accordingly out of 2578 employees on the rolls of the two units as on the date of taking over Tannery and Footwear Corporation of India Limited has taken over 1935 employees after detailed examination of its requirement.

(c) Yes, Sir.

(d) It is the responsibility of British India Corporation to pay retrenchment compensation and other dues, as may be admissible, to such of the employees as have not been taken over by the Tannery and Footwear Corporation of India Limited. However, for their future requirement, Tannery and Footwear Corporation of India Limited will give preference to the personnel not taken over subject to their suitability for the jobs in hand.

**मोटर गाड़ी के मूल्यों सम्बन्धी प्रशुल्क आयोग**

233. **श्री रामावतार शर्मा :** क्या औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मंत्री 29 अप्रैल, 1969 के तारांकित प्रश्न संख्या 1408 के उत्तर के संबंध में यह बताने कि कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मोटरगाड़ियों के मूल्य के सम्बन्ध में प्रशुल्क आयोग के प्रतिवेदन पर इस बीच कोई निर्णय कर लिया गया है, यदि हां, तो उसका प्रारूप क्या है ;

(ख) क्या यह सच है कि मोटर गाड़ियों के मूल्य-वृद्धि के सम्बन्ध में मोटर गाड़ी निर्माता संघ ने सरकार का ध्यान 23 जनवरी, 1957 के सरकार के एक संकल्प की ओर आकृष्ट कराया है जिसमें मूल्य नियन्त्रण को कठोर प्रणाली को मोटर गाड़ी उद्योग के विकास के लिए हानिकारक बताया है ;

(ग) क्या यह भी सच है कि पिछले 12 वर्षों में मोटर गाड़ियों के लागत मूल्य में 300 प्रतिशत से भी अधिक की वृद्धि हुई है ; और

(घ) यदि हां, तो क्या सरकार का विचार प्रशुल्क आयोग के प्रतिवेदन पर शीघ्रता से विचार करने तथा उस पर निर्णय करने का है ?

**औद्योगिक विकास, आन्तरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) :** (क) जी, अभी नहीं ।

(ख) भारतीय मोटर गाड़ी निर्माता संघ, बम्बई की ओर से ऐसा कोई अभ्यावेदन नहीं मिला है । फिर भी, उसी समय आटोमोबाइल मैन्यूफेक्चरर्स एसोसिएशन आफ इण्डिया कलकत्ता से एक ऐसा अभ्यावेदन मिला है कि यात्री कार के उद्योग के वर्तमान मूल्य तथा वितरण